प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट ' तेरह '

[23/3/2018]

प्रश्न सं. [क्र. 1466]

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1466 का प्रश्नांक (घ) की अद्यतन स्थिति

क्र.	घोषणा क्रमांक	घोषणा का विवरण	अद्यतन स्थिति
1.	B-3648/30.07.2017	झुग्गी झोपडी में रहने वालो के लिये पक्के मकान का निर्माण कराया जाएगा	प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चित्रकूट नगर परिषद क्षेत्र के आवास हीन परिवारों को आवास निर्माण हेतु प्रथम फेस में 509 हितग्राहियों का चयन किया गया है जिसके तहत 328 हितग्राही भूमिहीन होने के कारण उन्हें शासकीय भूमि पर पट्टा वितरण हेतु कलेक्टर महोदय, सतना की ओर कार्यालयीन पत्र क्रमांक–14 एवं 15 दिनांक 04.01.2018 द्वारा सूची प्रेषित की गई है। पट्टा वितरण कराया जाना अपेक्षित है। शेष हितग्राही 181 में से 60 हितग्राहियों को प्रथम किश्त जारी की जा चुकी है। शेष का परीक्षण कर भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। इसी योजना के द्वितीय फेस में 908 हितग्राहियों की द्वितीय डी.पी.आर. तैयार कर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल को प्रेषित की गई है जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है।
2.	B-3651/31.07.2017	ब्रम्हकुण्ड के पास बस स्टैण्ड एवं पार्किंग का निर्माण	ब्रम्हकुण्ड के पास बस स्टैण्ड एवं पार्किंग निर्माण हेतु कलेक्टर सतना द्वारा आवंटित भूमि पर नगर पालिका द्वारा बस स्टैण्ड के उद्देश्य से डी.पी.आर. तैयार कराकर 838.00 लाख की कार्ययोजना संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल की ओर प्रेषित की गई थी; किन्तु इस कार्य हेतु मात्र 300.00 लाख की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। ऐसी स्थिति में डी.पी.आर. की लागत 838.00 लाख अनुसार कार्य हो पाने में राशि की कमी के कारण, साथ ही आवंटित उक्त भूमि तक पहुंच मार्ग इत्यादि के निर्माण में भू–अर्जन की स्थिति निर्मित होने के कारण स्वीकृति राशि 300.00 लाख की सीमा के अन्दर नगर पालिका के नाम आवंटित भूमि ग्राम–रजौला में जो ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु आरक्षित है, उस स्थल पर बस स्टैण्ड निर्माण कराने की अनुमति हेतु नगर परिषद चित्रकूट द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 597, दिनांक 09.03.2018 द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। नवीन प्रस्तावित स्थल पर जैसे ही कलेक्टर महोदय, सतना द्वारा उक्त बस स्टैण्ड निर्माण की अनुमति प्रदान हो जाती है। तत्काल डी.पी.आर. तैयार कर बस स्टैण्ड निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जायेगी।
3.	B-3652/ 31.07.2017	पयस्वनी नदी पर पुल का निर्माण	पयस्वनी नदी पर पुल का निर्माण कराने हेतु कार्यकारी एजेन्सी जल संसाधन विभाग सतना को नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा डी.पी.आर. तैयार कराकर स्वीकृति हेतु शासन की ओर भेजा जाना अपेक्षित है। नगर परिषद चित्रकूट द्वारा पत्र क्रमांक/541/दिनांक 24.08.2017 के अतिरिक्त समय–समय पर स्मरण पत्र भेजे गये है।
4.	B-3653/ 31.07.2017	कामतानाथ प्रमुख द्वार के पास बिहारी मंदिर से स्कूल तक फ्लाई ओवर (स्काई मार्ग) का निर्माण	कामतानाथ प्रमुख द्वार के पास बिहारी मंदिर से स्कूल तक फ्लाई ओवर (स्काई मार्ग) के निर्माण हेतु कार्यकारी एजेन्सी लोक निर्माण विभाग, सतना को नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा डी.पी.आर. तैयार कराया जाकर स्वीकृति हेतु शासन की ओर भेजा जाना अपेक्षित है। उक्त के संबंध में कार्यवाही प्रचलन में है।
5	B-3654/31.07.2017	चित्रकूट को मिनी स्मार्ट सिटी बनाया जायेगा	नगर परिषद चित्रकूट को मा. मुख्यमंत्री महोदय द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई है जिसके पालन में डी.पी.आर. तैयार कराने हेतु कन्सलटेन्ट को कार्यालयीन आदेश क्रमांक 3341 दिनांक 30.12.2017 द्वारा कार्यादेश जारी किया जा चुका है जिसके तहत मिनी स्मार्ट सिटी की कान्सेप्ट रिपोर्ट कंसलटेन्ट द्वारा प्रस्तुत की जा चुकी है जिसे परिषद की

			बैठक तथा कलेक्टर, सतना की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष निर्णय हेतु रखा जाना है।
6.	B-3656/ 31.07.2017	चित्रकूट में तीर्थ यात्रियों से लिये जाने वाले यात्री कर को समाप्त किया जायेगा।	मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक-सा-2/तीर्थ कर/2017/19113 दिनांक 31.07.2017 से नगर परिषद चित्रकूट क्षेत्रान्तर्गत प्रभावशील तीर्थ यात्री कर को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है जो अब वर्तमान समय में प्रभावी नहीं है।
7.	B-3659/ 31.07.2017	चित्रकूट के हर घर की लाइन सीवर लाइन से जोड़ी जायेगी	सीवर लाइन द्वितीय चरण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति राशि रुपये 2087.61 लाख की संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक/पी0एम0/07-5/2017/9608 भोपाल दिनांक 28.07.2017 द्वारा प्रदान की गई है। जिसकी निविदा आमंत्रण आदि की कार्यवाही संचालनालय द्वारा कराई जाकर मे0 चन्द्र नारायण प्रा0लिमि0, रायपुर को पत्र क्रमांक/Engg/PMU/MPUDC/1899 Bhopal Date- 03-10-2017 द्वारा ठेकेदार को कार्यादेश संचालनालय द्वारा जारी किया जा चुका है। ठेकेदार द्वारा सीवर लाइन कार्य हेतु सर्वे किया जा रहा है।
8.	B-3661/31.07.2017	मंदाकिनी घाट से गऊ घाट तक जहाँ तीर्थ यात्री स्नान करते है उन घाटो का निर्माण	मंदाकिनी घाट से गऊ घाट तक जहाँ तीर्थ यात्री स्नान करते है उन घाटों का निर्माण हेतु डी.पी.आर. तैयार कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद चित्रकूट, सतना (म0प्र0)